उत्तराखंड ने रोज़गारोन्मुख उद्योगों के लिये सब्सिडी की घोषणा की

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तराखंड सरकार ने राज्य भर में अस्पताल, स्कूल, होटल, फिल्म सिटी जैसे **रोज़गारोन्मुखी उद्योग स्थापित करने के लिये 100 करोड़ रुपए तक की सब्सिडी** देने का फैसला किया।

मुख्य बिंदु:

- सूत्रों के अनुसार, पहाड़ी इलाकों में निवेश की न्यूनतम सीमा 50 करोड़ रुपए और मैदानी इलाकों के लिये 100 करोड़ रुपए रखी गई है।
- इस नीति के तहत स्थापित होने वाले औद्योगिक संस्थानों को **कुल लागत का 25% या अधिकतम 100 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी जाएगी।**
- प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद **सब्सिडी पाँच चरणों में दी जाएगी।**
- यह **नीति राज्य में 31 दिसंबर 2030 तक लागू रहेगी।**
- अटल आयुष्मान योजना के तहत डायलिसिस का लाभ लेने पर 100% चिकित्सा प्रतिपूर्ति को स्वीकृति दी गई है।
- कैबिनेट ने हर्रावाला में कैंसर अस्पताल और मातृ-शिशु चिकित्सा संस्थान को पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप (PPP) के माध्यम से संचालित करने की भी स्वीकृति दे दी है।
- उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत पीएचडी करने वाले 100 मेधावी विद्यार्थियों को 5000 रुपए प्रतिमाह छात्रवृत्ति प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना (AB PM-JAY)

- यह पूरी तरह से सरकार द्वारा वित्तपोषित विश्व की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजना है।
- इसे फरवरी 2018 में लॉन्च किया गया, यह माध्यमिक देखभाल और तृतीयक देखभाल के लिये प्रति परिवार 5 लाख रुपए की बीमा राशि प्रदान करती है।
  - स्वास्थ्य लाभ पैकेज में सर्जरी, चिकित्सा और डे केयर उपचार, दवाओं तथा निदान की लागत शामिल है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttarakhand-announces-subsidy-for-employment-oriented-industries